बी सी एम स्कूल, दुगरी लुधियाना।

कक्षा चौथी विषय हिंदी

कार्यपत्रिका 2

पाठ 4,5 ,विराम चिह्न , पर्यायवाची शब्द

I)निम्नलिखित अपठित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भारत के लोग उत्सव प्रिय होते हैं। हमारे भारतवर्ष में साल भर त्योहारों की धूम मची रहती है। ये त्योहार हमारे जीवन में खुशियों के साथ नए रंग भर देते हैं। भारत के दक्षिण में सुंदर केरल प्रदेश स्थित है। यहाँ के लोग सादा जीवन बिताते हैं। इनकी मातृभाषा मलयालम है तथा इनका प्रमुख त्योहार है -ओणम

यह अगस्त के अंतिम सप्ताह या सितंबर के शुरू में मनाया जाता है ।इस त्योहार के साथ महाबली की कथा जुड़ी है ।महाबली केरल प्रदेश के राजा थे। वे बहुत दयालु तथा दानी थे ।उनकी प्रजा भी बहुत खुश थी। चारों ओर खुशहाली ही खुशहाली थी।

प्रश्न 1-ओणम का त्योहार कब मनाया जाता है?

प्रश्न 2- केरल प्रदेश कहाँ स्थित है?

प्रश्न 3 त्योहार हमारे जीवन में क्या भर देते हैं?

प्रश्न 4. खाली स्थान भरो:

क. महाबली बहुत .... थे।

ख.केरल की मातृभाषा ....है।

II) किसने कहा?

1."हाय! आज ना जाने किस का मुख देखकर चला था।"

2 "घबराओ नहीं, धैर्य से काम लो।"

III)खाली स्थान भरो।

1.पक्षियों की समस्या.......... सुन रहा था।

2. कौआ .... पर रहता था।

IV)पर्यायवाची शब्द लिखो।

1.फूल -........... , ...

2 आग - .... , ...

V)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।

1 मृग कहाँ गया था?

2 सच्चा मित्र कौन होता है?

3 पेड़ों को लगाने का निश्चय किसने किया?

VI).निम्नलिखित वाक्यों में विराम चिह्न लगाओ।

1. हाय मैं लुट गया

2. मुझे आम लीची और संतरा बहुत पसंद है

VII) विलोम शब्द लिखो ।

आरंभ, कायर, दानी,अनेक